तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 19 नवंबर 2024



12 सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में पहले दिन हुई ...





12 एकल शिक्षक विद्यालय में पाठ्यक्रम पूरा कराने ...






## खबर संक्षेप



### श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति रेखलाल बनाए गए अध्यक्ष

**सिमगा।** सोमवार को नगर के प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर में नगरवासियों की बैठक आयोजित कर मंदिर समिति के नए पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। समिति में अध्यक्ष रेखलाल सोनकर, उपाध्यक्ष भास्कर निषाद कोषाध्यक्ष माधव माली सह कोषाध्यक्ष विक्रमादित्य पांडे सचिव नितिन जायसवाल सहसचिव राजू सोनकर सर्वराकार मनराखन सोनकर संरक्षक सूर्यकांत ताम्रकार बनाए गए हैं। विशेष पदाधिकारियों में जीवराखन सोनकर शिव देवांगन सीताराम सोनकर भागवत सोनकर घनश्याम सोनकर आनंद कसेर को शामिल किय गया है। सदस्यों में योगराज देवांगन राज पांडे सोनू सोनकर राहुल तम्बोली परमेश्वर सोनकर देवेन्द्र सोनकर भोला सोनकर राधे सोनकर भागी सोनकर रवि टुकेश मयंक टुकेश शीतल चुने गए हैं।

**समस्या :** तेज रफ्तार वाहन से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होने से जनधन की हो रही हानि

# ग्रामीण सड़कों से गुजरने लगे भारी वाहन से सड़क हो रही खराब, हादसों का बढ़ा खतरा

हरिभमि न्यूज ▶▶| सुहेला

अंचल के सिमगा हथबंद बलौदाबाजार मार्ग में रोजाना सैकड़ों की संख्या में चलने वाली भारी वाहनों से सड़क खराब होने के साथ दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता जा रहा है। इस मार्ग पर सीमेन्ट संयंत्रों के लिए परिवहन में लगी वाहनों के अलावा आसपास बड़ी संख्या में स्थापित क्रेसर प्लांट से गिट्टी ढोने वाली वाहनों के साथ-साथ रेत परिवहन करने वाली हाईवा वाहनों के ओव्हर लोड लेकर चलने से सड़कों पर जगह-जगह डामर उखड़ जाने व गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। इसके बावजूद भारी वाहनों के तेज रफ्तार से गुजरने के चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित ▶▶ शेष पेज 11 पर

### गिट्टी और रेत में फिसलकर वाहन चालक हो रहे चोटिल

इस मार्ग पर लगातार गिट्टी, रेत और डस्ट गिरने की समस्या है। जब भारी वाहनों का गुजरना होता है, तो सड़क पर मौजूद इन सामाग्री का गिरना स्वाभाविक हो जाता है। यह मुख्य रुप निर्माण कार्यों से जुड़ी गाड़ियों के कारण होता है। इन सामग्रीयों के गिरने से सड़क की स्थिति बहुत खराब हो जाती है। बारिश के मौसम में यह और भी खतरनाक हो जाता है, क्योंकि गीली सड़क पर गिट्टी और रेत से फिसलने का खतरा अधिक हो जाता है। इससे मोटरसाइकिल और सायकिल चालक गिर कर घायल हो सकते हैं।



### ओवरलोड गाड़ियां से बढ़ी परेशानी

इस मार्ग पर सबसे बड़ा खतरा ओवरलोड गाड़ियों से है। इन गाड़ियों में जरूरत से ज्यादा माल लोड किया जाता है, और यह गाड़ियां अक्सर तेज गति से चलती हैं। ओवरलोड गाड़ियां न केवल सड़क को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि इनकी गति भी बहुत अधिक होती है, जिससे नियंत्रण खोने पर दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिक वजन और तेज रफ्तार वाली गाड़ियों के कारण यह सड़क और भी अधिक खतरनाक हो गई है।

### ग्रामीणों की चिंता और सुरक्षा के लिए प्रशासन गंभीर नहीं

स्थानीय ग्रामीण अब इस स्थिति से तंग आ चुके हैं। उनका कहना है कि जब तक प्रशासन सक्रिय नहीं होगा, तब तक यह समस्या जस की तस बनी रहेगी। सड़क पर गिरने वाली गिट्टी और रेत से सायकिल और मोटरसाइकिल चालक अक्सर गिरकर घायल होते हैं। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि इस मार्ग पर आवागमन करने वाले अधिकतर लोग गरीब और मेहनतकश हैं, जो रोजगार के लिए इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं। इनकी सुरक्षा को लेकर प्रशासन को अधिक गंभीरता से विचार करना चाहिए। अधिकतर समय तो छोटे वाहन चालक ही हादसों का शिकार होते हैं, क्योंकि बड़े ट्रकों और डंपरों के कारण रास्ता संकरा और खतरनाक हो जाता है।

# महिला के शव के साथ मिला 1.50 लाख नकद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



लटुवा मार्ग स्थित ग्राम केसडबरी के बंद पड़ी एक गिट्टी खदान में सोमवार को करीब 35 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने तथा उसके पास डेढ़ लाख रूपये नगदी मिलने से क्षेत्र में सनसनी व्याप्त है। सूचना मिलने पर घटना स्थल पहुंचे पुलिस दल के द्वारा घटना स्थल पर पंचनामा तैयार कर शव को पीएम के लिए बलौदाबाजार भेज दिया गया। मामले में महिला की हत्या किये जाने की शंका जाहिर की जा रही है।

■ केसडबरी के बंद पड़ी गिट्टी खदान में लाश मिलने से सनसनी फैली

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को कुछ लोगों के द्वारा केसडबरी गांव के एक बंद गहरी पत्थर खदान के भीतर किसी महिला के शव होने की जानकारी करही बाजार पुलिस चौकी को दी गई। जिसे तत्काल संज्ञान में लेते हुए चौकी प्रभारी श्री पाटिल घटना स्थल पहुंचे तथा ग्रामवासियों के सहयोग से खदान के भीतर से शव को बाहर निकाला गया। तथा जांच के दौरान महिला के पास से 500 रूपये के नोट वाली 3 गड्डी के रूप में डेढ लाख रूपये मिले। मृतका के पहनावे से उसके किसी अन्य स्थान की रहने वाली होने की शंका जाहिर करते हुए यह भी बताया गया है कि मृतका के चेहरे पर चोंट के निशान दिखाई पड़ने के अलावा घटना स्थल पर खून बिखरा हुआ दिखाई पड़ रहा था। वहीं मामले में श्री पाटिल ने विवेचना तथा शव का शिनाख्त करने का प्रयास जारी रहने की जानकारी देते हुए कहा गया है कि पीएम रिपोर्ट तथा शव का शिनाख्त होने पर ही वास्तविकता सामने आ सकती है।

# खड़े वाहन से बस का हुई टक्कर, यात्री हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

राष्ट्रीय राज्य मार्ग रायपुर बिलासपुर में सिमगा से पांच किलोमीटर दूर ग्राम बनसांकरा ओवरब्रिज में सोमवार की सुबह 5:30 बजे अंबिकापुर की ओर से आ रही पापुलर बस सर्विस की बस क्रमांक सी जी 15 एन 8086 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर सड़क किनारे खड़े माजदा वाहन को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दिया। वाहनों में टक्कर होने से यात्री बस के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं माजदा चालक, परिचालक के साथ ही बस में बैठे कुछ यात्रियों को भी सामान्य चोटें आई हैं। ▶▶ शेष पेज 11 पर

■ बनसांकरा ओवरब्रिज में सुबह साढ़े पांच बजे हुआ हादसा

■ वाहन भी हुए क्षतिग्रस्त



### लाइट नहीं होना व कोहरा बना कारण

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राज्य मार्ग में बनसांकरा चंदेरी दामाखेड़ा विश्रामपुर ओवरब्रिज में एक तरफ की स्ट्रीट लाइट हमेशा बंद रहता है। जिसके चलते नेशनल हाईवे में वाहन चालकों को ठंड के दिन में कोहरे के कारण सामने का दृश्य ठीक से दिखाई नहीं देता। जिसके कारण चालकों को वाहन चालने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं संबंधित विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते मार्ग में आवागमन करने वाले राहगीरों को हमेशा जान का खतरा बना रहता है।

# खड़े ट्रक से भिड़ी बाइक पुलिस आरक्षक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भाटापारा-बलौदाबाजार मार्ग में ग्राम छुईहा स्थित एक राईसमिल के समीप रविवार-सोमवार की दरमियानी रात्रि को करीब 11 बजे घटित सड़क हादसे में जिला न्यायालय में मुहर्रिर के पद पर पदस्थ आरक्षक शिव कुमार कौशल की मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक आरक्षक रात्रि में अपनी मोटर सायकल से भाटापारा की ओर से वापस बलौदाबाजार की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान केडिया राईसमिल के समीप सड़क के किनारे खड़ी ट्रक से उनकी बाइक जा भिड़ी। जिसके चलते घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना स्थल के आसपास के निवासियों से दुर्घटना की खबर मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम कराने के पश्चात परिजनो को सौंप दिया गया। वहीं आरक्षक की मौत की खबर से पुलिस महकमे में शोक व्याप्त है।



# वाहन चालक के परिजन को दी 50 हजार अनुग्रह राशि



**बलौदाबाजार।** संयुक्त जिला कार्यालय में वाहन चालक के रूप में पदस्थ रेवाराम सिरमौर का आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज उनके गृहग्राम तुलसी में किया गया। संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में श्री सिरमौर को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कलेक्टर दीपक सोनी ने रेवाराम सिरमौर के ▶▶ शेष पेज 11 पर


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468



## पैरामेडिकल/नर्सिंग/स्वास्थ्य कर्मचारी में प्रवेश हेतु आवेदन सूचना (2024-25)

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

छ.ग. के विभित्र प्राइवेट चिकित्सालयों में पैरामेडिकल स्वास्थ्य कर्मचारी एवं हॉस्पिटल प्रबंधन कर्मी की पूर्ति हेतु संस्थान एक एवं दो वर्षीय राष्ट्रीय कौशल विकास द्वारा संचालित कोर्स के अंतर्गत में कक्षा 12वीं (पास/फेल कोई भी विषय से हो) छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों (रायपुर धमतरी, बिलासपुर, सरायपाली, जांजगीर) के केन्द्रों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित।

**केन्द्रों के नाम पाठ्यक्रम एवं कुल सीटे**

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | ईएमटी/ MPHW | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट :-** 1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे। साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) 2. चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। 3. केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। 4. 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। 5. किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/12/2024 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 05/01/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

प्रति,
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक** NSDC/SDMS **केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय______________________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम______________________________
पिता/पति______________________ जन्म तिथि______________
वर्ग अनुज जाति____________अनु जाति____________ अन्य पि. वर्ग____________
सामान्य____________पत्र व्यवहार का पता______________________
______________________________ पिन कोड______________
मो. नं.______________________बाट्सअप नं______________________
पालक का मो. न______________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग______________
में प्राप्त अंक__________ कुल प्रतिशत__________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.______________
हस्ताक्षकर______________________ पालक का हस्ताक्षर______________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


# निकाय के कर्मचारी 11 दिसंबर से करेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के बैनर तले छत्तीसगढ़ के 184 नगरीय निकायों के कर्मचारी 6 सूत्री मांगों को लेकर 11 दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

कर्मचारियों की मुख्य मांगों में निकाय के कर्मचारियों को ट्रेजरी के माध्यम से वेतन भुगतान करने, ओल्ड पेंशन योजना लागू करने, अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने, कर्मचारियों को पदोन्नति करने, छठवें व सातवें वेतनमान की एरियर राशि प्रदान करने, ठेका पद्धति समाप्त करने संबंधी मांगे शामिल है।

■ तीन माह तक का वेतन है लंबित

संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी ने बताया है कि 6 सूत्रीय मांगों पर शासन द्वारा कोई सार्थक पहल नहीं किया जा रहा है सिर्फ आश्वासन ही दिया जा रहा है। नगरी निकाय के कर्मचारी आगामी नगरी निकाय चुनाव में कर्मचारी व परिवार के सदस्य मतदान में भाग नहीं लेंगे इस संबंध में कर्मचारियों से निकाय चुनाव मतदान में भाग नहीं लेने संबंधी प्रपत्र भरवाकर जिला कलेक्टर बिलासपुर व विभागीय मंत्री नगरी प्रशासन को पत्र प्रेषित किया गया है।

प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ के कई नगरी निकायों में 1 से 3 माह का वेतन भुगतान लंबित है। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में 1 तारीख को वेतन भुगतान किए जाने हेतु आदेश भी जारी किया गया है किंतु निकायों के अधिकारी आदेश का पालन सुनिश्चित नहीं कर रहे हैं।




## खबर संक्षेप



### प्रेरणा आश्रम के बच्चों के साथ मनाया चिल्ड्रन डे

**रायपुर।** श्रीश्री रविशंकर महाराज की संस्था आर्ट ऑफ लिविंग के युवाओं ने इस बार हीरापुर में प्रेरणा दृष्टिबाधित आश्रम में पहुंचकर 100 से अधिक बच्चों के साथ चिल्ड्रन डे सत्संग और उत्सव के रूप में मनाया। इस अवसर पर दृष्टिबाधित बच्चों के चेहरे पर मुस्कान देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम में शांतनु द्वारा भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई एवं कमलेश्वरी ने भी अपनी मधुर आवाज से सबको मोहित कर दिया। उक्त जानकारी आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो ऑफ कम्युनिकेशन स्टेट को-ऑर्डिनेटर दीपेंद्र दीवान ने दी।

### पैसे देने से इंकार करने पर युवकों से मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थानो में एक व्यक्ति ने तीन लड़कों के खिलाफ अपने भांजे तथा बेटे के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संजय नगर निवासी सैय्यद साजिद अली ने मोहम्मद सैफ, मोहम्मद शहजाद शेख तथा मोहम्मद हाशिम शेख के खिलाफ अपने भांजे आयुद्दीन तथा बेटा तौसिफ रजा के साथ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। साजिद अली ने पुलिस को बताया कि तीनों बदमाशों ने पुराने मामले में समझौता नहीं करने पर उन लोगों के खिलाफ कोतवाली में अपराध दर्ज कराने की बात कहते हुए शराब पीने पैसों की मांग की। इंकार करने पर बदमाशों ने साजिद अली के बेटे तथा भांजे के साथ मारपीट की।

### शासकीय सेवकों पर आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा बढ़ी, वित्त की मंजूरी



**रायपुर।** वित्त विभाग ने शासकीय सेवकों पर आश्रितों की अधिकतम आय सीमा में वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा 3 हजार 50 रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 7 हजार 750 रुपए प्रतिमाह करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। आय सीमा बढ़ाने के साथ जिन आश्रितों की आय 3050 रुपए से अधिक थी, वे सभी परिवार पेंशन का लाभ प्राप्त करने के पात्र हो सकेंगे। उल्लेखनीय है कि साल 2014 के बाद से शासकीय सेवकों के आश्रितों के लिए आय की अधिकतम सीमा में कोई वृद्धि नहीं की गई थी, जबकि राज्य में श्रमिकों की आय में लगातार वृद्धि हो रही है। अर्ध कुशल श्रमिकों के लिए दैनिक मजदूरी की दर अब 10,900 रुपए प्रतिमाह तक पहुंच गई है। ऐसे में जिन शासकीय सेवकों के आश्रित सदस्य 3 हजार 50 रुपए प्रतिमाह से अधिक आय प्राप्त कर रहे थे, उन्हें परिवार पेंशन का लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस कदम से शासकीय सेवकों के आश्रितों की स्थिति सुधरेगी और आर्थिक-सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। इससे उन परिवारों को राहत मिलेगी, जो शासकीय सेवक के निधन के बाद परिवार पेंशन पर निर्भर रहते हैं।

# सीएम साय बोले-छग के खिलाड़ियों को मिलेगी हर सुविधा, ओलंपिक में गोल्ड लाए तो तीन करोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


**अलग खबर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और बेहतर खेल अधो-संरचनाएं विकसित की जा रही हैं। उन्होंने कहा, ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी को 3 करोड़ रुपए, रजत पदक विजेता को 2 करोड़ व कांस्य पदक विजेता को एक करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने सीएम ट्राफी इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन स्पर्धा के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, यह बहुत खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ में बैडमिंटन का यह टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 10 देशों के प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं है, बल्कि यह एकता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है। यह युवाओं को सकारात्मक और ऊर्जावान बनाता है। भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। हमारे राज्य में अनेक प्रतिभावान खिलाड़ी हैं। भारत सरकार की खेलो-इंडिया योजना को भी हम छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में लागू कर रहे हैं।

## स्वर्ण पर 3, रजत पर 2 व कांस्य पदक विजेता को 1 करोड़ रुपए देने की घोषणा

### खिलाडियों की अपेक्षा जानने का करता हूं प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा, जब भी मुझे अवसर मिलता है। मैं खिलाड़ियों से बातचीत करके उनकी अपेक्षाओं को जानने समझने का प्रयास करता हूं। उनकी उपलब्धियों के लिए उन्हें प्रोत्साहित करता हूं। कल ही मैंने धमतरी की बैडमिंटन खिलाड़ी रीतिका ध्रुव से वीडियो कॉल पर बात करके राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें मिली उपलब्धियों के लिए बधाई दी। रीतिका ने मुझे बताया कि उनके पिता जीवन-यापन के लिए मजदूरी करते हैं और मां आंगनवाड़ी सहायिका हैं। संघर्षों के बावजूद रीतिका ने बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया है। मैंने उनको आश्वस्त किया कि आप खूब आगे बढ़िये और अपने माता-पिता के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करिये। हम आपका पूरा सहयोग करेंगे।



### देंगे सभी सुविधाएं

मुख्यमंत्री ने कहा, खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। बैडमिंटन के क्षेत्र में खिलाड़ी आगे बढ़ें इसके लिए भी हम सभी सुविधाएं देंगे। मुख्यमंत्री ने मेंस डबल्स विजेता हरिहरन व रुबन कुमार को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने विदेश से आए खिलाड़ियों और उनकी टीम के सभी सदस्यों का छत्तीसगढ़ में स्वागत किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया, महासचिव संजय मिश्रा, राकेश शेखर, गौतम महंता सहित बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी, खिलाड़ी व बड़ी संख्या में खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## मध्यप्रदेश के राजगढ़ से चोरी करने आता है कुख्यात गैंग

# ठंड आ गई, शादियों का सीजन भी और अब सूट-बूट गैंग की दस्तक की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ठंड की दस्तक के साथ ही शहर में चोरी की वारदातें अन्य महीनों की अपेक्षा बढ़ जाती हैं। स्थानीय के साथ बाहरी शातिर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने सक्रिय हो जाते हैं। यह शादियों का भी पसंदीदा सीजन होता है, कुछ सालों में ऐसी ही शादियों के दौरान सूट बूट गैंग का खौफ रहा है। राजधानी में पिछले दो साल में विवाह समारोह में दर्जनभर के करीब चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। चोरी की घटनाएं रोकने पुलिस इस बार बड़ी शादियों पर नजर रखने की बात कह रही है। इसके लिए पुलिस जवान सादी वर्दी में समारोह स्थल के आसपास तैनात रहेंगे।

- पड़ोसी जिलों तथा आउटर के इलाकों में किराए पर मकान लेकर रहते हैं शातिर

उल्लेखनीय है कि बदलते परिवेश में विवाह का स्वरूप पहले की तुलना में काफी बदल चुका है। लोग घर के चारदीवारी के अंदर विवाह समारोह करने के बजाय होटल, मैरिज पैलेस, सामुदायिक भवन आदि में आयोजन कर रहे हैं। इस बात का फायदा चोर गिरोह उठा रहे हैं। गिरोह के बदमाश सज-धज कर विवाह समारोह में शामिल होने पहुंच जाते हैं और मेहमानों के बीच मौका पाकर महंगे गिफ्ट, जेवर समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर देते हैं।

### राजगढ़ से आता है सूट-बूट गैंग

*विवाह समारोह में चोरी करने वाला सूट-बूट गैंग मूल रूप से मध्यप्रदेश राजगढ़ का है। राजगढ़ का यह गैंग देवउठनी एकादशी के बाद से सक्रिय हो जाता है और अलग-अलग ग्रुप बनाकर शातिर यहां चोरी करने पहुंचते हैं। यह गैंग दिन में फेरीवाले बन होटल, मैरिज पैलेस की रेकी करते हैं। इसके बाद रेकी करने वाले अपने अन्य साथियों को विवाह समारोह स्थल की जानकारी शेयर करते हैं।*



### शातिरों पर रख रहे नजर

विवाह समारोह में चोरी की घटनाएं रोकने पुलिस टीम को पहले से अलर्ट कर दिया गया है। दूसरे शहर से आने वाले संदिग्धों पर नजर रखी जा रही है। पूर्व में विवाह समारोह में जिन लोगों को चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, उनके वर्तमान लोकेशन के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

**- लखन पटले,** एएसपी सिटी

### चोरी के बाद माल साथियों के हवाले

*पुलिस के अनुसार, विवाह समारोह में चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद गिरोह के बदमाश चोरी का माल स्वयं रखने के बजाय अपने किसी अन्य साथी को दे देते हैं। माल लेने वाला शातिर यहां रुकने के बजाय अपने गांव रफूचक्कर हो जाता है। चोर गिरोह से जुड़े शातिरों को पता रहता है कि जहां उन लोगों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, वहां सीसीटीवी फुटेज के आधार पर वे पकड़े जा सकते हैं, इसलिए चोरी का माल अपने अन्य साथियों को दे देते हैं। पकड़े जाने के बाद भी पुलिस इन चोर गिरोह के शातिरों से माल बरामद नहीं कर पाती।*

### जहां रहते हैं, वहां नहीं करते वारदात

*पुलिस के अनुसार, विवाह समारोह में चोरी करने वाले राजगढ़ का गिरोहबाज इतने शातिर हैं कि जिस शहर में वे अपने रहने का ठिकाना बनाते हैं, वहां अमूमन चोरी करने से बचते हैं। गिरोह के बदमाश उसके नजदीकी शहर या जिले में चोरी करने जाते हैं। चोर गिरोह के सदस्य जहां रहने के लिए ठिकाना बनाते हैं, वे वहां केवल रेकी करते हैं।*

### पुलिस की हिदायत- सीसीटीवी कैमरे अपडेट रखें

*क्राइम एएसपी संदीप मित्तल के मुताबिक विवाह समारोह स्थल, होटल, धर्मशाला, मैरिज पैलेस के संचालकों को अपने यहां लगे सीसीटीवी कैमरे अपडेट करने कहा गया है। साथ ही समारोह स्थल में नजदीकी पुलिस स्टेशन के नंबर के साथ टीआई के नंबर लिखने भी कहा गया है। थाने तथा टीआई के नंबर लिखे होने पर किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय स्थिति निर्मित होती है तो तत्काल पुलिस को घटना की जानकारी दी जा सकती है।*

# छह महीने में 800 ट्रेनें रद्द लाखों यात्री रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे में लगातार विकास कार्य जारी हैं, जिसके कारण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की ट्रेनें हर बीते छह महीने में सर्वाधिक रद्द हुई हैं। इस वजह से लाखों यात्रियों को दिक्कत हुई। बता दें कि जोन में तीसरी लाइन का काम तेजी से चल रहा है। कुछ महीनों से यह कार्य पूरा हो जाएगा। वर्तमान में ट्रेक की कमी है और अधिक ट्रेनों का परिचालन पटरियों पर हो रहा है। इस वजह से ट्रेनें भी लगातार विलंब से चल रही हैं, लेकिन पटरियों का काम पूरा होने के बाद यात्रियों और माल परिवहन के लिए दो अलग-अलग ट्रेक होंगे। इससे ट्रेनें समय पर पहुंचेंगी और रद्द भी नहीं होंगी। जोन के अफसरों का कहना है कि सालभर तक ट्रेन रद्द होने से यात्रियों को समस्या तो रहेगी। इसके बाद सफर आरामदायक हो जाएगा। समय पर ट्रेन चलाने को लेकर पटरियों का विस्तार कार्य चल रहा है। बता दें कि बीते 6 महीने में 800 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया है। अक्टूबर और नवंबर में संख्या कम रही, लेकिन जुलाई से सितंबर के बीच हर महीने 150 से अधिक लोकल व एक्सप्रेस ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया।



### पिछले साल से 10 प्रतिशत अधिक माल लदान

दपूमरे जोन भारतीय रेलवे का दूसरा सबसे अधिक माल लदान करने वाला जोन है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 236 मिलियन टन माल लदान किया है, जो 10 प्रतिशत वृद्धि है। अगले 9 महीनों में मल्टी-ट्रैकिंग कार्य करेंगे, इसमें तीन बहुत ही महत्वपूर्ण रेलखंड शामिल हैं, जिसमें बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, अनूपपुर-कटनी तीसरी लाइन, राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन प्रमुख हैं। इन कार्यों के पूरा होने से गतिशीलता में काफी सुधार होगा।

### मालगाड़ियों की जारी नहीं होती सूचना

*रेलवे का कहना है कि देशभर में पटरियों को अपग्रेड करने का काम तेजी से चल रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों को हर महीने रद्द करना पड़ रहा है। जिस रूट पर यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है, उस मार्ग पर मालगाड़ियों का परिचालन रद्द नहीं किया जाता। रेलवे के अनुसार ट्रेनों की तरह मालगाड़ियों के रद्द होने की सूचना जारी नहीं की जाती। पटरियों में दोपहर के वक्त काम होता है। उस समय केवल मालगाड़ी नहीं चलाई जाती, लेकिन सुबह और रात के समय पटरियों पर मालगाड़ी का परिचालन जारी रहता है।*

# 63 लाख की चोरी का अब तक सुराग नहीं, परिजनों से वन-टू-वन पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

मुजगहन थाना क्षेत्र में दीपावली के एक सप्ताह पूर्व किसान बालमुकुंद सोनकर के घर 62 लाख 71 हजार रुपए चोरी की रिपोर्ट 22 दिन बाद दर्ज करने के बाद पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। रिपोर्ट दर्ज करने के तीसरे दिन पुलिस ने रविवार को किसान परिवार के सदस्यों से बारी-बारी से पूछताछ की। साथ ही घर में काम करने वाले कर्मचारियों से भी पूछताछ की है। बावजूद इसके पुलिस को चोरी का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। गौरतलब है कि बालमुकुंद के पिता तथा उनके चाचा मिलाकर सात भाई हैं। इनमें से बालमुकुंद के पिता तथा उनके दो अन्य भाई गांव में साथ रहते हैं। शेष चार अन्य भाई रायपुर, राजिम में निवासरत हैं। बालमुकुंद ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उनके पिता को आंबेडकर अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया था। उपचार कराने के बाद घर लाया गया। इसी दौरान 23 अक्टूबर को उनकी मां दीवान को सफाई करने के लिए खोली, तब दीवान के अंदर नोटों से भरा काटून, जिसमें जमीन बिक्री की राशि 62 लाख 71 हजार रुपए गायब मिले।

### सभी लोगों से पूछताछ

मुजगहन टीआई के मुताबिक, बालमुंकुद के घर में उनके एक दर्जन के करीब परिजन रहते हैं। सभी लोगों से बारी-बारी से पूछताछ की गई है। साथ ही घर में काम करने वाले कर्मचारियों से भी पूछताछ करने की जानकारी पुलिस ने दी है। उल्लेखनीय है कि बालमुकुंद ने चोरी की घटना में परिजनों के साथ करीबी तथा घर में काम करने वाले कर्मचारियों पर चोरी करने की आशंका व्यक्त की है। इसलिए पुलिस ने घर के सदस्यों के अलावा घर से संबंध रखने वाले संबंधितों से बारी-बारी से पूछताछ की है।

### बाहरी लोगों के बारे में भी जुटा रहे जानकारी

पुलिस के अनुसार, चोरी की घटना में किसी बाहरी का हाथ तो नहीं, इस संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। बालमुकुंद के घर में किन-किन बाहरी लोगों की आवाजाही थी। घर में नकदी रखे होने की जानकारी किन लोगों को थी। पुलिस इस संबंध में भी जानकारी जुटाकर चोरी का सुराग तलाशने की बात कह रही है।

# जमीन पर बेजा कब्जा, कमिश्नर ने पलटा कलेक्टर-एसडीएम का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय जमीन पर बेजा कब्जा मामले में धमतरी जिले के कुर्रा ग्राम पंचायत के सरपंच को एसडीएम तथा कलेक्टर द्वारा क्लीन चिट देने के मामले को कमिश्नर महादेव कावरे ने पलटते हुए कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं। साथ ही एक माह के भीतर प्रकरण का निपटारा करने कमिश्नर ने आदेश दिए हैं। गौरतलब है कुर्रा पंचायत के सरपंच खम्हन लाल साहू तथा उनके परिजनों द्वारा गांव के चार अलग-अलग जगहों पर शासकीय जमीन पर कब्जा कर मकान तथा दुकान निर्माण करने का आरोप है। इसे लेकर गांव के उप सरपंच तथा पंचों ने शिकायत तहसीलदार से की थी। शिकायत की जांच भखारा तहसीलदार ने की। जांच के बाद तहसीलदार ने सरपंच तथा उनके परिजनों पर जुर्माना लगाया।

### साक्ष्यों के आधार पर कमिश्नर से सुनाया फैसला

सरपंच के खिलाफ कार्रवाई करने शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम तथा कलेक्टर के फैसले के विरुद्ध कमिश्नर कार्यालय में अपील की। कमिश्नर श्री कावरे ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए तलब किया। इसके बाद प्रस्तुत साक्ष्यों का प्रतिपरीक्षण किया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर श्री कावरे ने एसडीएम के आदेश और कलेक्टर के अपील खारिज करने के फैसले को पलटते हुए पंचायत राज अधिनियम की धारा 36 और धारा 40 के तहत कार्रवाई योग्य माना।

### कार्रवाई के लिए एसडीएम के पास अपील

सरपंच तथा उनके परिजनों पर जुर्माना लगाए जाने से असंतुष्ट उप सरपंच तथा पंचों ने आगे की कार्रवाई के लिए एसडीएम न्यायालय में प्रकरण पेश किया। प्रकरण पेश होने के बाद केस को एसडीएम ने नस्तीबद्ध कर दिया। एसडीएम के फैसले के विरुद्ध शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर न्यायालय में अपील की। धमतरी कलेक्टर ने भी एसडीएम के निर्णय को सही मानते हुए अपील खारिज कर दी।

# भारी वाहनों-कचरा ढोने वाली गाड़ियों को तिरपाल से ढंके बिना ही बेखौफ परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारी वाहनों तथा कचरा ढोने वाली गाड़ियों को बिना तिरपाल से ढके बेखौफ परिवहन का खेल किया जा रहा है। शहर से सटे सभी रिंगरोड ही नहीं, बल्कि निगम सीमा के मुख्य मार्गों पर भी यह अनदेखी वाहन चालकों द्वारा की जा रही है। इसे देखने के बाद भी शासन -प्रशासन के जिम्मेदार ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ न तो कभी मुहिम चलाते हैं और न कार्रवाई करते हैं। इससे राहगीरों व छोटे वाहन चालकों को जहां दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं रोज खुलेआम नियमों का उल्लंघन भी हो रहा है। राजधानी में रोज परिवहन नियमों को भारी मालवाहक चुनौती दे रहे हैं। इसे देखने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे वाहनों के चालक तिरपाल का खर्च बचाने और लोडिंग के बाद कवर्ड करने से बचने के लिए इस तरह की अनदेखी करते हुए रेत, गिट्टी, मुरुम, फैक्ट्रियों की डस्ट, सीमेंट और निगम की गाड़ियों से कचरा भी ढो रहे हैं। इससे इन वाहनों के आसपास से गुजरने वाले दोपहिया चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। आंख में कचरा पड़ने से कई बार दोपहिया चालक दुर्घटना का भी शिकार होते हैं। ऐसे मामलों में आमतौर पर लोग शिकायत नहीं करते। इसके चलते ट्रैफिक पुलिस और पर्यावरण संरक्षण के जिम्मेदार भी कार्रवाई नहीं करते हैं।

### नियम का कराएंगे पालन

अगर परिवहन कार्य करने वाले वाहनों द्वारा बिना ढंके रेत, गिट्टी, कचरा, सीमेंट जैसी सामग्री का परिवहन किया जा रहा है तो नियम का परिपालन कराने के लिए इस मामले को संज्ञान में लिया जाएगा।

**- डॉ. गौरव कुमार सिंह,** कलेक्टर, रायपुर

### परिवहन गाड़ियों के लिए नियम

*ट्रैफिक पुलिस यातायात नियम का पालन कराने के लिए दोपहिया, कार चालकों और अन्य वाहनों की जांच तो करती है, लेकिन ऐसे भारी वाहनों की सुध नहीं लेती, जो परिवहन नियमों को रोज खुलेआम चुनौती देते हैं। जबकि परिवहन कार्य करने वाले सभी भारी वाहनों के चालक बारिश के दिनों में परिवहन करते समय तिरपाल का इस्तेमाल करते हैं। सामान्य दिनों में इस तरह की लापरवाही की जाती है। परिवहन अधिनियम में यह प्रावधान है कि रेत, गिट्टी, मुरुम, सीमेंट व डस्ट और कचरे का परिवहन कार्य तिरपाल से ढंकने के बाद ही किया जाना है।*

# देह दानदाताओं का चिकित्सा छात्रों ने माना आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बेहतर डाक्टर बनने शारीरिक संरचना के ज्ञान की खातिर अपने देह का दान करने वालों के प्रति चिकित्सा छात्रों ने आभार प्रकट किया। शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर के एनाटॉमी विभाग में प्रथम वर्ष के एमबीबीएस छात्रों को 'कैडेवरिक ओथ' दिलाई गई। एनाटॉमी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जागृति अग्रवाल ने छात्रों को कैडेवरिक शपथ की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि कैडेवर को चिकित्सा छात्र का प्रथम शिक्षक माना जाता है, क्योंकि चिकित्सा पाठ्यक्रम की आधारशिला मानव शरीर रचना पर आधारित है। मुख्य अतिथि डॉ. अरविंद नेरल ने नवप्रवेशित 230 छात्रों को कैडेवरिक शपथ दिलाई। इस अवसर पर जनमानस में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

# प्रदेश में अब तक भाजपा के 60 हजार सक्रिय सदस्य, लक्ष्य से 40 फीसदी दूर

- सौ रुपए सदस्यता शुल्क के साथ दीपकमल पुस्तक के लिए ले रहे चार सौ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन ने जहां एक तरफ 54 लाख सामान्य सदस्य बना लिए हैं, वहीं अब तक 60 हजार सक्रिय सदस्य भी बन गए हैं। वैसे लक्ष्य अभी 40 हजार दूर है, लेकिन अभियान अभी चल रहा है। ऐसे में भाजपा के पदाधिकारियों को भरोसा है कि लक्ष्य तक पहुंच जाएंगे। 22 नवंबर को दिल्ली में सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक है। जहां समीक्षा के बाद राज्यों से बात करने के बाद तय किया जाएगा कि अभियान समाप्त करना है या अभी नवंबर तक चलाना है। जिनको सक्रिय सदस्य बनाया जा रहा है, उनसे सौ रुपए सदस्यता शुल्क लिया जा रहा है। यह शुल्क राष्ट्रीय संगठन के खाते में जा रहा है। इसी के साथ प्रदेश भाजपा की पत्रिका दीपकमल के लिए चार सौ रुपए शुल्क भी लिया जा रहा है। कुल मिलाकर सक्रिय सदस्यों से पांच सौ रुपए लिए जा रहे हैं। ऐसे में अब तक तीन करोड़ रुपए एकत्रित हो गए हैं। भाजपा का देशभर में सामान्य सदस्य के साथ सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है। अभियान 2 सितंबर से सामान्य सदस्य बनाने के लिए प्रारंभ किया गया। इसके बाद दूसरे चरण में 16 अक्टूबर से सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया। इसी के साथ ही सामान्य सदस्यता का अभियान भी चल रहा है। वैसे तो 15 नवंबर को अभियान का समापन होना था, लेकिन दिल्ली में 22 नवंबर को बैठक रखी गई है, ऐसे में अभियान अभी चलता रहेगा।

### एक लाख का लक्ष्य

भाजपा के प्रदेश संगठन को जहां 60 लाख सामान्य सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है, वहीं एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने हैं। इसके लिए हर मंडल में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। प्रदेश में 405 मंडल हैं। 16 अक्टूबर से अब तक प्रदेशभर में करीब 60 हजार सक्रिय सदस्य बन गए हैं। ये सदस्य संख्या पिछली संख्या से 22 हजार ज्यादा है। इसके पहले भाजपा के 38 हजार सक्रिय सदस्य थे।

### रायपुर में बने दो हजार सक्रिय सदस्य

राजधानी रायपुर की चार विधानसभाओं में 16 मंडल हैं। ऐसे में यहां पर 32 सौ सक्रिय सदस्य बनाने हैं। सक्रिय सदस्यता अभियान समीक्षा समिति के संयोजक छगन मुंदड़ा ने बताया, रायपुर में अब तक दो हजार सक्रिय सदस्य बना लिए गए हैं। लगातार अभियान चल रहा है। 20 नवंबर तक लक्ष्य पूरा करने का प्रयास है। वरिष्ठ नेताओं के घरों तक जाकर उनको सक्रिय सदस्य बना रहे हैं।

# बांडेड डॉक्टरों को भी मिलेगी सीआरएमसी की प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में सेवा देने वाले अनुबंधित चिकित्सा अधिकारी एवं विशेषज्ञ भी सीआरएमसी की प्रोत्साहन राशि के पात्र होंगे। वर्ष 2017 से इस राशि के लिए संविदा चिकित्सकों को पात्र माने जाने के आदेश पर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। कबीरधाम जिले में विवाद की स्थिति बनने के बाद एनएचएम के अधिकारियों ने मामला स्पष्ट कर दिया। दूरस्थ इलाकों में चिकित्सकीय सेवा प्रदान करने वाले डॉक्टरों को प्रोत्साहित करने छत्तीसगढ़ रूरल मेडिकल कोर योजना शुरू की गई थी। इस योजना के अनुसार संविदा चिकित्सकों को मानदेय के अलावा प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गई थी। इस आदेश में संविदा का जिक्र था, जिसके कारण असमंजस की स्थिति बन गई थी। कबीरधाम जिले में यह प्रोत्साहन राशि प्रदान नहीं की जा रही थी, जिसकी वजह से वहां विवाद की स्थिति निर्मित हो रही थी। इसके बाद वहां के जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने एनएचएम कार्यालय को पत्र लिखकर मशविरा मांगा था। जिस पर स्पष्ट किया गया है कि अनुबंध के आधार पर वहां सेवा देने वाले एमबीबीएस और पीजी डॉक्टर भी इसके लिए पात्र हैं।

प्रदेश में हर साल सौ के करीब चिकित्सा विशेषज्ञ पासआउट होने के बाद बांड ड्यूटी के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में पदस्थ किए जाते हैं और इतनी ही संख्या चिकित्सा अधिकारियों की होती है।

## खबर संक्षेप

### एक दिवसीय नशामुक्ति शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** महिमा नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की निर्देशिका डॉ. महिमा सिंह ठाकुर द्वारा वार्ड नंबर 07 नयापारा महासमुंद में नशामुक्ति के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन 13 नवंबर बुधवार को किया गया। जिसमें वार्ड पार्षद मीना वर्मा के साथ महिलाएं भी उपस्थित रही। शिविर में महिमा सिंह ठाकुर ने बताया कि हमारे आस-पास जितने भी नशा करने वाले व्यक्ति होंगे, उन्हें नशा छोड़ने प्रेरित करें।

### मरार समाज युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने प्रकाश

**नर्रा।** प्रदेश कोसरिया मरार पटेल समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल व उपाध्यक्ष तेजराम पटेल आदेशानुसार एवं युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष रितेश पटेल कोंडागांव, जितेन्द्र पटेल कार्यकारणी अध्यक्ष के अनुशंसा पर कुसमीराज के खाड़ादरहा निवासी प्रकाश पटेल को महासमुंद युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा के सक्रिय कार्यकर्ता है। इस नियुक्ति पर समाज सेवक मनोज पटेल, योगेश पटेल, डोमार पटेल, अमन पटेल, चमन पटेल परमेश्वर पटेल, मीडिया प्रभारी ललित पटेल ने हर्ष जताया है।

### शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने लोगों को घर के सामने शराब पीने सुविधा उपलब्ध करा रहे एक व्यक्ति पर कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि कोलपदर का शौकीलाल ओगरे अपने घर के सामने लोगों को बैठाकर अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था।

### एकेडमी में नि:शुल्क योगाभ्यास

**महासमुंद।** 18 नवंबर से 22 नवंबर तक सत्यम योग एकेडमी में नि:शुल्क योगाभ्यास कराया जा रहा है। इस योगाभ्यास में सभी बीमारियों के लिए विशेष योगासनों को कराया जाता है। जैसे शुगर बीपी थायराइड मोटापा कमर दर्द, घुटना दर्द आदि के लिए। सत्यम योग एकेडमी में प्रशिक्षित और अनुभवी योग ट्रेनरों द्वारा योगाभ्यास कराया जाता है।

# निगम के लिए छोड़ा गया पानी खेतों में घुसा, धान की सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धरसींवा इलाके के कई गांवों में नहर के पानी ने धान की सैकड़ों एकड़ फसल को बर्बाद कर दिया है। मांढर नहर से लगे खेतों में कट चुकी और खड़ी धान की फसल गीली होकर बिकने लायक भी नहीं रह गई है। राजधानी की जलापूर्ति के लिए निगम की मांग पर जल संसाधन विभाग ने एक दिन पहले ही पानी छोड़ा था। इसके चलते दिनभर में सैकड़ों एकड़ फसल गीली हो गई।बताया गया है कि पानी छोड़ने की न तो मुनादी की गई और न ही पानी पंचायत के जरिए सूचना दी गई। महानदी के मांढर नहर के टेल एंड तक बहकर निकले पानी ने धरसींवा इलाके में सैकड़ों एकड़ खेत में रखी फसल को बर्बाद कर दिया है। खेतों में रखा धान पानी में डूब गया है। सैकड़ों किसान धान की फसल काटकर बेचने से पहले सुखाने के लिए खेत में छोड़ा था। पूर्व में ऐसी अनहोनी को देखते हुए ग्राम मोहिनी, ताड़ा, कूंरा समेत पांच गांव के किसान नहर में कई जगह हुई टूट-फूट बंद करने एसडीओ समेत कई अफसरों के पास गुहार लगा चुके थे। विभागीय अफसरों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से किसानों की फसल खराब हो गई है। नहर के पानी से कुरुद, तुलसी, सकरी, बरोदा, नरदहा, सेमरिया, सहित नहर से लगे सभी गांवों में सैकड़ों एकड़ खड़ी फसल को नुकसान हुआ है।

## मांढर नहर की पाइपलाइन चोक, ओवरफ्लो के कारण नहर से लगे खेतों में पहुंचा पानी

### दोषी अधिकारी पर कार्रवाई और मुआवजे की मांग

जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने बताया कि किसानों के खेत में खड़ी एवं कटी फसल के आसपास पानी भरने से फसल खराब हो गई है। फसल नुकसान से किसानों में रोष व्याप्त है। खेत में जो धान नहीं काटा गया है, खेत गीला होने से 15 दिन उस धान की कटाई नहीं हो सकती। धान भी पककर गिर जाएगा, जिससे किसानों को भारी नुकसान होगा। भरपाई के लिए मुआवजा और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की गई है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि क्षतिपूर्ति के लिए राजस्व अधिकारियों से निरीक्षण कराएं।



### निगम की डिमांड पर छोड़ा गया पानी

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम की डिमांड पर 150 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। एमडीसी के 38 किमी के पास पाइपलाइन चोक होने से पानी ओवरफ्लो हो गया था। विभाग के अफसरों ने बीती रात ही पानी को डायवर्ट कर दिए जाने का दावा किया है।

## अवैध तरीके से काबिज लोग कर रहे नुकसान


# पीएम आवास-बीएसयूपी कॉलोनियों में 'बाहरी' का कब्जा, सर्वे नहीं, कई जगह बदमाशों का ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में प्रधानमंत्री आवास एवं बीएसयूपी के तहत 40 से ज्यादा कॉलोनियों का निर्माण कराने के बाद नगर निगम अब इनकी सुध नहीं ले रहा है। इसके चलते अरसे से कॉलोनियों में अवैध तरीके से काबिज बाहरी लोगों की पैठ बन रही है। इससे जहां निगम को राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं आउटर की कॉलोनियों में काबिज आपराधिक प्रवृत्ति के लोग पनाह ले रहे हैं। पुलिस सर्चिंग में कई बार इस बात का खुलासा हुआ है। इसके बाद भी निगम के जिम्मेदार कॉलोनियों की आवंटन सूची के तहत सर्वे कराने में गुरेज कर रहे हैं।

राजधानी के विभिन्न वार्डों से हटाने के बाद निगम ने विस्थापन के तहत आउटर में दो अलग-अलग केटेगरी में कॉलोनियों का निर्माण कराने के बाद आवास दिए हैं। इनमें 24 स्थानों पर विकास कार्यों में प्रभावितों को बीएसयूपी के तहत मकान दिए गए हैं। वहीं भूमि व आवासहीनों को आशियाना देने की पहल प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत की गई है। कई मकानों में अवैध तरीके से रहने वालों की सच्चाई जांचने के लिए पात्रता के आधार पर सर्वे कराने के बजाय निगम प्रशासन इससे बच रहा है। जिस वार्ड-क्षेत्र में कॉलोनियों का निर्माण कराया गया है, उनमें कई वार्ड पार्षद इस बात को स्वीकार करते हैं। पूर्व में हर कॉलोनी में अवैध तरीके से बाहरी लोगों को पनाह दी गई है। इनमें किसी कॉलोनी में रहने वालों की पात्रता जांच नहीं हुई है।

### बगैर टैक्स दिए मांग रहे सुविधा






### सर्वे के बाद कार्रवाई

नगर निगम ने जितने भी प्रधानमंत्री आवास एवं बीएसयूपी के तहत कॉलोनियों का निर्माण कराया है, उनका आवंटन पात्रता के आधार पर ही किया गया है। अगर इनमें अवैध तरीके से लोग रह रहे हैं तो उनका सर्वे कराने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

**- विनोद कुमार पांडेय,** अपर आयुक्त, ननि रायपुर

### प्रधानमंत्री आवास में भी अपात्र

वार्ड 7 की पार्षद सुशीला धीवर व वार्ड एक की पार्षद कमलेश वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के तहत हीरापुर में बने बीएसयूपी व प्रधानमंत्री आवास में सैकड़ों की तादाद में अपात्र लोग काबिज हैं। इनकी जांच कराने के लिए कई बार प्रयास किया गया, लेकिन हर बार जिम्मेदारों ने टाल दिया। इससे निगम को टैक्स का नुकसान तो हो ही रहा है। साथ ही ऐसे लोगों द्वारा निगम से लगातार सुविधाओं की मांग भी की जाती है। वार्ड 67 के पार्षद उत्तम साहू ने बताया कि सर्वे ठंडे बस्ते में है।

### बीएसयूपी से विस्थापित गायब

शहर के सड्डू, कचना, जरवाय, कोटा, मठपुरैना, सरोना, भाठागांव ही नहीं भाठागांव, तेलीबांधा में भी शहर के शास्त्री मार्केट , कचना, सड्डू, दलदल सिवनी, शंकर नगर, रेलवे क्रासिंग सहित 24 स्थानों से हटाए गए 15 हजार से ज्यादा परिवारों को विस्थापित किया गया है। इनमें जिन्हें मकान अलॉट किए गए, उन्होंने खुद का मकान बनवाने के बाद विस्थापन में मिले मकानों को या तो बेच दिया या किराए पर दे दिया है। इनमें रहने वालों की पात्रता जांच निगम के जिम्मेदार करने के बजाय सर्वे कराने का सिर्फ दावा ही कर रहे हैं।

### 14 साल से अटकी तय किस्त

निगम सूत्रों ने बताया कि बीएसयूपी में जिन लोगों को विस्थापित किया गया था, उन्हें प्रति मकान का 20 हजार रुपए भुगतान दो-दो हजार रुपए हर महीने किस्तों में देना था, लेकिन बीएसयूपी के रहवासियों ने अभी तक तय राशि का भुगतान नहीं किया है। इसके चलते निगम भी वहां दूसरे फेज में दी जाने वाली सुविधाएं अभी तक नहीं दे पाया है, क्योंकि जिस समय विस्थापित किया गया था, उस समय लोगों से सिर्फ बिजली व नल कनेक्शन का शुल्क ही लिया गया था। इसके बाद लोगों ने तय किस्तें ही जमा नहीं की हैं।

### मकान का स्वरूप भी बदला

नियम के मुताबिक, किसी योजना के तहत बनवाई जाने वाली कॉलोनी के आंतरिक ढांचे में किसी प्रकार का बदलाव भी नहीं किया जा सकता, लेकिन कई बीएसयूपी व प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित कॉलोनियों में मकान लेने के बाद बगल वाले फ्लैट के लोगों से तालमेल बनाकर खरीदने के बाद उसके आंतरिक स्वरूप में भी बदलाव कर लिया है। सर्वे नहीं होने से इस तरह की गड़बड़ी का खुलासा भी नहीं हुआ है। इस तरह की मनमानी दोनों ही योजनाओं के तहत बनी लगभग सभी कॉलोनी में रहने वालों ने की है।

# माइक्रो एटीएम से 10 हजार रुपए तक निकाल सकेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




धान खरीदी में किसानों को सुविधा देने के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा नई व्यवस्था की गई है, इसके माध्यम से धान बेचने के तुरंत बाद लगभग दस हजार रुपए तक की राशि का भुगतान हो सकेगा। आपात स्थिति में तत्काल भुगतान के लिए समितियों में माइक्रो एटीएम लगाए गए हैं, जिससे किसान धान बेचने पर जरूरत पड़ने पर तुरंत दस हजार निकाल सकेंगे। इसको लेकर धान खरीदी समितियों में माइक्रो एटीएम लगाए गए हैं।

- सभी समितियों में निकासी और जमा करने की सुविधा

प्रदेश सरकार द्वारा इस बार 14 नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत की गई है। प्रदेश की सहकारी समितियों में 1722 माइक्रो एटीएम की सुविधा है। किसानों की सुविधा के लिए नई व्यवस्था की शुरुआत की गई है, जिसमें माइक्रो एटीएम सभी धान खरीदी केंद्रों में लगाए गए हैं, इसके माध्यम से किसानों को सुविधा मिलेगी। धान बेचने के बाद 10 हजार रुपए तक की नकद राशि किसान माइक्रो एटीएम के माध्यम से निकाल सकते हैं। साथ ही 10 हजार रुपए तक जमा करने की भी सुविधा माइक्रो एटीएम के माध्यम से दी गई है।

**रूपे केसीसी कार्ड के माध्यम से निकासी :** प्रदेश में इस बार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए प्रशासन के द्वारा 2700 से अधिक धान खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। इन धान खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा किसानों को उपलब्ध कराने की तैयारी है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से किसान राशि आहरित और जमा भी कर सकते हैं। धान खरीदी केंद्रों में माइक्रो एटीएम की सुविधा उपलब्ध है। किसान अपने रूपे केसीसी कार्ड के माध्यम से आसानी से राशि निकाल सकते हैं।

### 10 हजार जमा करने का भी विकल्प

अपेक्स बैंक के अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी के सीजन में जिन किसानों से धान खरीदी की जाती है, उनका भुगतान करने की बड़ी जिम्मेदारी समितियों पर होती है। बैंक शाखाओं के माध्यम से उनका भुगतान करते हैं। हमारे सभी शाखाओं में बड़े एटीएम लगे हुए हैं। उन एटीएम के माध्यम से भी किसान अपनी राशि निकाल सकते हैं। व्यवस्था को सुचारू और सुविधाजनक बनाने के लिए राज्य शासन, नाबार्ड, पंजीयन, सहकारी संस्थाएं आदि के निर्देशानुसार सभी समितियों में माइक्रो एटीएम उपलब्ध कराए गए हैं। माइक्रो एटीएम मशीन के माध्यम से किसान प्रतिदिन लगभग 10 हजार निकाल तो सकेंगे ही, साथ ही वे 10 हजार रुपए तक जमा भी कर सकेंगे।

# एमिटी इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया बाल दिवस समारोह




**रायपुर।** एमिटी इंटरनेशनल स्कूल रायपुर में बाल दिवस मनाया गया। यह उत्सव डॉ. अमिता चौहान चेयरपर्सन एमिटी इंटरनेशनल स्कूल्स के विजन और समर्पण से संभव हुआ। दिन की शुरुआत रोमांचक शैक्षिक यात्राओं से की गई, जिसने छात्रों को अपने आसपास की दुनिया का अन्वेषण और सराहना करने के लिए प्रेरित किया। छोटे छात्रों (नर्सरी से कक्षा 2) ने स्थानीय गुरुद्वारे का दौरा किया, जहां उन्होंने सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं के बारे में सीखा तथा एकता और सम्मान जैसे मूल्यों को अपनाया।

बड़े छात्रों (कक्षा 3 से कक्षा 11 तक) ने एक प्रसिद्ध वस्त्र निर्माण कारखाने का दौरा किया, जहां उन्होंने कपड़े बनाने और परिधान तैयार करने में संलग्न कौशल और सटीकता को देखा। इस दिन की सफलता में अर्पिता मजूमदार प्रिंसिपल, एमिटी इंटरनेशनल स्कूल का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें अपनी अद्वितीय क्षमताओं को अपनाने और अपने सपनों का पीछा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का अगला भाग मरीन ड्राइव तेलीबांधा में हुआ, जहां छात्र-छात्राएं, शिक्षक और अभिभावक शाम का आनंद मनाने के लिए एकत्रित हुए।

इस अवसर की शुरुआत शिक्षकों द्वारा आयोजित एक विशेष सभा के साथ हुई। छात्र-छात्राओं ने अपने जीवंत नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों से सभी का मनोरंजन किया, जबकि शिक्षकों ने मजेदार कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# प्रणवात्मकानंद की विश्व प्रसिद्ध किताब के हिंदी अनुवाद का हुआ विमोचन




**रायपुर।** आचार्य प्रणवात्माकानंद की विश्व प्रसिद्ध किताब 'श्रीश्री आनंदमूर्ति एडवेंट ऑफ अ माइस्ट्री' के हिंदी अनुवाद श्रीश्री आनंदमूर्ति एक आलौकिक सत्ता का लोकार्पण रविवार को वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में एक समारोह में सुबह 11 बजे से 2 बजे के बीच किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य प्रणवात्मकानंद ने कहा कि आध्यात्मिक पुरुषों की जीवनी लिखने का कार्य विराट की इच्छा और प्रेरणा से संभव हुआ है।

गुरु और शिष्य के संबंध को ब्रह्म और जीव के भक्ति रूपी संबंध के रूप में हमको देखना चाहिए। श्रीश्री आनंदमूर्तिजी ने अपने द्वारा दिए गए हर सिद्धांत की व्याख्या करते हुए सबको फिजिकल डेमोन्सट्रेशन दिया है। उनकी सर्वज्ञता का प्रमाण उनके सानिध्य में रहे शिष्यों को हमेशा मिला है।

### ये हुए शामिल

कार्यक्रम में आचार्या आनंद गीता, आचार्या सुचिलेखा, आचार्या नितिसुधा, आचार्य दयाशेखरानंद, आचार्य महादेवानंद, आचार्य चितशिवानंद, उदयभान सिंह चौहान, छत्तीसगढ़ी महिला समाज से मालती परगनिहा, राखी वर्मा, प्रियंका कौशल, विशाल यादव, सूरज दुबे, सुषमा पटनायक, डॉ. संगीता कौशिक, जिज्ञासा साहू, जीपी चंद्राकर, केपी सिंह, वरिष्ठ गृही आचार्य रामलाल दानी समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### नशामुक्ति कार्य के लिए किया गया सम्मानित

**महासमुंद।** जनजातीय गौरव दिवस-2024 का आयोजन रायपुर के साइंस कॉलेज में किया गया। इस मौके पर महिमा नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र के निर्देशिका डॉ. महिमा सिंह ठाकुर को नशामुक्ति के क्षेत्र पर कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

# लिफ्ट देने के बहाने अज्ञात ने महिला का मंगलसूत्र छीना

महासमुंद। पैदल अपने गांव जा रही महिला को लिफ्ट देने के बहाने एक स्कूटी सवार मंगलसूत्र छीन कर भाग निकला। मामले में प्रार्थिया ने खल्लारी थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि खतीजा खान पति अब्दुल लतीफ निवासी खल्लारी 17 नवंबर को अपनी बेटी के घर महासमुंद से भीमखोज लोकल ट्रेन से आई और रेलवे स्टेशन भीमखोज से अपने घर खल्लारी पैदल जा रही थी। खल्लारी चौक मोड़ के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने बागबाहरा जाने का रास्ता पूछा, जिसे प्रार्थिया ने बागबाहरा जाने का रास्ता बताया और पैदल अपने घर चली गई। घर में 10-15 मिनट रूकने के बाद वह अपने मायके घर ग्राम सोरम पैदल जा रही थी। तभी रास्ते में खल्लारी से पाली रोड विजय बंजारे के फार्म हाउस के पास वहीं अज्ञात व्यक्ति स्कूटी से आकर रूका और कहां जाना है पूछा। तब प्रार्थिया ने सोरम जाने की बात कही। इस पर अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि वह भी खट्टा जा रहा है, और आगे आगे ग्राम पाली तक छोड़ने की बात कही। उक्त व्यक्ति कहने पर महिला उसके साथ स्कूटी में बैठकर जा रही थी, तभी कुछ दूरी पर जाकर उक्त व्यक्ति ने स्कूटी को रोक दिया, जिस पर प्रार्थिया उतर गई, इसी दौरान आरोपी महिला के गले से मंगलसूत्र करीब 6 ग्राम कीमत 19500 रुपए को छीन कर ग्राम पाली की ओर भाग गया। पुलिस ने प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 304(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## पेज 9 के शेष

### ग्रामीण सड़कों से ...

होने से जनधन की हानि हो रही है। ग्रामीणों का कहना है की डस्ट बहुत ज्यादा बढ़ गया है। सड़क किनारे घर, दुकान, हॉस्पिटल, स्कूल आदि है। रोज भारी धूल खाने मजबूर हैं। धूल डस्ट से भारी बीमारी का डर सता रहा है यह स्थिति उनके लिए बेहद परेशानी का कारण बन चुकी है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से सड़क की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है, लेकिन अब तक इस पर कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। उन्हें आशंका है कि अगर यही स्थिति जारी रही, तो इस मार्ग पर बड़ी दुर्घटनाएँ हो सकती हैं, जिनसे कई लोग घायल हो सकते हैं, या यहां तक कि जान की हानि भी हो सकती है।

### खड़े वाहन से...

सूचना मिलने पर घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा लाया गया। घायलों को उपचार पश्चात छुट्टी कर दी गई है । घटना के बाद बस चालक एवं परिचालक मौके से फरार हैं।

### वाहन चालक के ...

आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया। राज्य शासन के निर्देशानुसार श्री सिरमौर के अंतिम संस्कार के लिए अनुग्रह राशि के रूप में 50 हजार रुपए उनकी पत्नी श्रीमती कल्पना सिरमौर को दिया गया। इस अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में पहले दिन हुई 1500 क्विंटल धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

जिले में पहले दिन 43 किसानों से लगभग 1500 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। केंद्रों में इस किसानों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। शिकायत व निवारण के लिए केंद्रों में हेल्प लाइन नंबर चस्पा किए गए हैं। किसानों के बैठने व पेयजल की भी व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन और कलेक्टर धर्मेश साहू के आदेश पर 14 नवंबर को धान खरीदी की प्रारंभ की गई है। जिला खाद्य अधिकारी चितरंजन सिंह ने बताया कि जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कुल पंजीकृत किसानों की संख्या 89442 है। जिसमें से 43 किसानों ने 1485 क्विंटल धान का विक्रय पहला दिन किया। 4 किसानों द्वारा बिलाईगढ़ में धान खरीदी केंद्र में 159 क्विंटल 60 किलो मोटा धान विक्रय किया गया। वहीं भटगांव में 13 किसानों द्वारा 288 क्विंटल धान मोटा और 152 क्विंटल 40 किलो धान सरना विक्रय किया गया है। सरसींवा धान खरीदी केंद्र में 23 किसानों द्वारा मोटा धान 329 क्विंटल 20 किलो वहीं सरना धान 351क्विंटल 20 किलो विक्रय किया गया। वहीं सारंगढ़ के तीन किसानों द्वारा 178 क्विंटल धान मोटा का विक्रय किया गया।

■ जिले के 89442 पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जाएगी

## शिकायत व निवारण के लिए चस्पा किए गए हेल्प लाइन नंबर



### इलेक्ट्रानिक कांटे पर हो रही तौलाई

कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर धान खरीदी केंद्रों में तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक कांटा , बारदाना, किसानों के लिए बैठक एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। धान उपार्जन केंद्रों में शिकायत एवं निवारण के लिए हेल्पलाइन नंबर भी चस्पा किया गया है।

## खबर संक्षेप

### खेत से नांगर चोरी

**महासमुंद।** खेत से ट्रैक्टर नांगर चोरी के मामले में बलौदा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रार्थी संन्यासी थनापति पिता चतुर्भुज थनापति (33 वर्ष) डूमरपाली ने बताया कि ग्राम टेमरी के देवेंद्र नायक का ट्रैक्टर ड्रायवरी का काम करता हूं। विगत दो माह पहले देवेंद्र नायक के द्विमहानी खेत ग्राम पलसापाली में जोताई करने के बाद ट्रैक्टर में लगे पुरानी इस्तेमाली लोहे का नांगर कीमत लगभग 9000 रुपए को उतार कर खेत में ही रख दिया था। जिसे 16 नवंबर की सुबह देखने खेत गया तो देखा वहां नांगर नहीं था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### युवक के कब्जे से कच्ची शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने लमकेनी डबरी के पास से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि बरगद पेड़ के नीचे बांधा जाने का रास्ता में आरोपी लोमेश चौहान पिता पीला बाबू चौहान (32 वर्ष) निवासी रेवा हाल मुकाम लमकेनी के कब्जे से हाथ भठ्ठी कच्ची महुआ शराब प्रत्येक झिल्ली में 200-200 एमएल भरी कुल 2600 एमएल कीमत 560 रुपए, एक लाल रंग की टीवीएस स्टार सिटी प्लस मोटर सायकल कीमत 60000 रुपए, कीमत 60560 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(क) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### धारदार हथियार लेकर लोगों को डरा रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले युवक पर खल्लारी पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि खल्लारी माता मंदिर के पास नीचे रोड ग्राम खल्लारी में एक व्यक्ति लोहे की धारदार कत्तलनुमा हथियार लहरा रहा है, जिससे आने जाने वाले लोग भयभीत हो रहे हैं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी संजय ध्रुव पिता साधुराम ध्रुव (19 वर्ष) निवासी संतोषी नगर भीमखोज कब्जे से हथियार जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### लंबर में 700 बारदाना अवैध धान जब्त

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के पश्चात से जिले में अवैध रूप से धान का परिवहन और भंडारण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में बसना विकासखंड के ग्राम लंबर में एसडीएम मनोज खांडे के नेतृत्व में मंडी सचिव बसना और राजस्व की संयुक्त टीम ने अवैद्य धान भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की। अधिकारियों को अवैध धान संग्रहण की सूचना मिल रही थी, जिसके आधार पर छापेमारी की गई। ग्राम लंबर के व्यापारी दिनेश चौरसिया के यहां से बगैर दस्तावेज के लगभग 700 प्लास्टिक बारदाना रबी फसल धान जब्त किया है। यह कार्रवाई मंडी अधिनियम के तहत की गई है। जब्त किया गया धान व्यापारी के सुपुर्द में दिया गया है।

## सराहनीय पहल : हेडमास्टर की पहल से 2 वर्षों से चल रहा एकल स्कूल

# एकल शिक्षक विद्यालय में पाठ्यक्रम पूरा कराने बच्चों को बनाया शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

### 5 गांवों से लगभग 20 बच्चे आते हैं पढ़ने, नौनिहाल गढ़ रहे नवाचार

विकासखंड कसडोल के वनांचल में स्थित एक ऐसा स्कूल जहाँ ज्यादा सुख सुविधा तो नही है, लेकिन स्कूल में मौजूद प्रधान पाठक की सराहनीय पहल, ईमानदार नीति और शिक्षा के प्रति लगन से एकल शिक्षकीय स्कूल में तकरीबन 5 गांवो से 20 नौनिहाल पढ़ने आते है, साथ ही प्राथमिक विद्यालय में तकरीबन 51 बच्चें अध्ययनरत है, आपको बता दे कि जिस गांव से नौनिहाल पढ़ने आते है उस गांव में भी स्कूल मौजूद है, लेकिन स्कूल की पढ़ाई स्तर को देखकर बच्चें खिंचे चले आते है, जी हां हम बात कर रहें है, बलार नवागांव प्राथमिक विद्यालय का। जहां के प्रधानपाठक मनोज जाटवर की लग्न और ईमानदार नीति की वजह से स्कूल का स्तर काफी अच्छा है, गौरतलब है कि नवागांव से लगे ग्राम कंजिया, संडी, सारसडोल, बिटकुली, राजादेवरी के बच्चे स्कूल में पढ़ने लगातार आते है, यहां बच्चों को विभिन्न तरह की शैक्षिक-सहशैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से बेहतर वातावरण दिया जा रहा है। यहां गांव के ही नहीं बल्कि 20 से 25 किलोमीटर दूर के भी बच्चे अध्ययन करने आते हैं। यह सब प्रधान पाठक मनोज कुमार जाटवर के आत्मविश्वास का प्रतिफल है।





### एफएलएन के तहत नौनिहाल हो रहें नवाचार

बच्चों को नवाचारी बनाने हेतु स्कूल में एफएलएन के तहत शिक्षा में नवाचार भरते हुए बच्चों को नवाचारी बनाने की नई मंजिल तैयार किया जा रहा है, स्कूल के शैक्षिक विकास में बालकों का भी सराहनीय योगदान मिल रहा है बाल दिवस के अवसर पर पालक समिति ने प्रधान पाठक मनोज जाटवर और अतिथि शिक्षिका का सम्मान किया। वही प्रधान पाठक द्वारा शिक्षक की कमी को पूरा करने के लिए विद्यालय के बच्चों को बाल शिक्षक बनाकर स्वयं के साथ अपनी स्कूली साथियों को पढ़ाने लिखाने में सहयोग लिया जा रहा है। यह बाल शिक्षक बच्चों के सीखने की गति, कॉपी की जांच, पठन कौशल का विकास में नवाचार अपनाते हैं।

### बाल दिवस पर बच्चों को मिला उपहार

नौनिहालों को नौनिहाल ही शिक्षा देने के अवसर पर बीते बाल दिवस के शुभ अवसर पर प्रधान पाठक श्री जाटवर द्वारा बाल शिक्षकों का कलम एवं उपहार भेंटकर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों के इस कार्य से बालक ही नहीं बल्कि पालक भी बहुत खुश है, आपको बता दे कि इन स्कूल में अध्यनरत बच्चों का जन्मदिन भी स्कूल में ही उमंग के साथ मनाते हैं बच्चों के बढे शैक्षिक विकास पर बीच-बीच में बच्चों को पुरस्कृत किया जा कर अन्य बच्चों को भी प्रेरित किया जाता है। इस प्रकार बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए प्रधान पाठक मनोज कुमार जाटवर का सतत प्रयास जारी है।

### 2 वर्षों से है एकल शिक्षकी स्कूल

बलार नवागांव के ग्रामीण सहित नौनिहालों की माने तो स्कूल में 2 वर्षों से एक ही शिक्षक स्कूल में बच्चों के भविष्य को गढ़ने का काम कर रहें है, लेकिन यहाँ शिक्षा विभाग के द्वारा अन्य शिक्षक की नियुक्ति नही की जा रही है, ऐसे में कई बार ऐसा होता है जब शिक्षक की शासकीय कार्यों से मीटिंग या अन्य शासकीय कार्यों में ड्यूटी लगने पर स्कूल शिक्षक विहीन हो जाता है, साथ ही सूत्रों की माने तो पूर्व में हुए शिक्षक भर्ती के दौरान कुछ शिक्षकों की जॉइनिंग यहां दिया गया था लेकिन बिना नेटवर्क या सुख -सुविधाओं से स्कूल दूर होने के कारण कुछ शिक्षकों ने अपनी जिम्मेदारियों से किनारा करते हुए ट्रांसफर करा लिए तो कुछ ऊँची पकड़ होने के कारण अन्यत्र जगह जॉइनिंग कर लिए। अब ऐसे हालात में भी हेडमास्टर जाटवर द्वारा बच्चों के भविष्य को गढ़ने में लगें हुए है। जो कि आधुनिकता के इस दौर में भी संवेदनशीलता दिखाई देता है।

# महिलाओं को पानी की शुद्धता एवं गुणवत्ता जांचने दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

सारंगढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नौरंगपुर में जल जीवन मिशन जेजेएम अंतर्गत फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से जल वाहिनियों को जल के परीक्षण की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया। ब्लॉक के हर गांव से पांच महिलाओं को जल पीने लायक है या नहीं और इसकी गुणवत्ता को परीक्षण का समझाया गया। फील्ड टेस्ट किट, पानी की गुणवत्ता जांचने के लिए इस्तेमाल की जाती है। भारत सरकार के जल जीवन मिशन योजना के तहत, महिलाओं को पानी की शुद्धता एवं गुणवत्ता जांचने के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है। इस प्रशिक्षण के दौरान महिलाऐ खुद ही पानी की गुणवत्ता जांच कर सकती है। शुद्ध जल ही हमें स्वस्थ रखता है और शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शुद्ध जल की बहुत आवश्यकता होती है। वहीं हमारे जीवन में जल की काफी अहम भूमिका होती है। एफ.टी.के. किट के अंदर कुल आठ पैरामीटर्स होते है। इनके आधार पर ही जल की गुणवत्ता की जांच की जाती है जो कि क्रमशः फ्री रेसिडुअल टेस्ट, पीएच टेस्ट, टर्बिडिटी टेस्ट, हार्डनेस टेस्ट, आयरन टेस्ट, फ्लोराइड टेस्ट, नाईट्रेट टेस्ट तथा टीडीसी.होते है। जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में जल की गुणवत्ता को मापने के लिए प्रत्येक राजस्व ग्राम में गठित महिला समिति को एक-एक फिल्ड टेस्ट किट उपलब्ध कराई जायेगी, जिसके माध्यम से महिलाएं अपने गांव में पेय जल की गुणवत्ता माप कर उत्सकी रिपोर्ट जेजेएम पोर्टल पर अपलोड कर सकेगें।

### ठंड से बढ़ने से जला रहे अलाव

**महासमुंद।** ठंड का मौसम दो दिन से बढ़ गया है। इस ठंड मौसम में न्यूज पेपर वितरण करने वाले हॉकरों ने रात्रि 4 बजे लकड़ी का अलाव जलाया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि ठंड से बचने दो दिन से लकड़ी का अलाव जलाया जा रहा है। जिससे न्यूज पेपर वितरण करने वाले हाकरों को ठंड से कुछ राहत मिल रही है।

# लिपिकों के दीपावली मिलन समारोह में 30 सेवानिवृत्त कर्मियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



रोटरी क्लब रायपुर में छत्तीसगढ़ प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा सेवानिवृत्त लिपिकों का सम्मान समारोह व दीपावली मिलन समारोह आयोजित कर गत दिवस किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लिपिकवर्गीय कर्मचारी उपस्थित हुए। रायपुर में लगभग 30 से अधिक सेवानिवृत्त लिपिकों का सम्मान शाल व श्रीफल भेंट कर किया गया। लिपिक संघ का यह कार्यक्रम प्रांत अध्यक्ष रोहित तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें मनोज वैष्णव प्रांतीय प्रवक्ता दीपक मिश्रा संभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे।

लिपिकों ने सर्वसम्मति से टिकेंद्र साहू को जिला उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश साहू को जिला सहसचिव चुना। लिपिक संघ का यह कार्यक्रम जिला अध्यक्ष जवाहरलाल यादव, आकाश त्रिपाठी अमितेश तिवारी, विभोर चतुर्वेदी रक्षा घोष गौतम हाजरा राजकुमार साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सेवानिवृत लिपिकों ने अपने अनुभव साझा किये। इसके साथ ही लिपिकों ने कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत लिपिक प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या का मामला उठाया। दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। संघ द्वारा प्रदीप उपाध्याय को श्रद्धांजलि दी गई। आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष जवाहरलाल यादव द्वारा किया गया।

■ टिकेंद्र जिला उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश जिला महासचिव चुने गए

# भाजपा कार्यकर्ताओं को मिलता है आगे बढ़ने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भाजपा में संगठन चुनावों को लेकर भाटापारा शहर भाजपा की कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें बूथ के चुनावों की प्रक्रिया से मंडल सहयोगियों को अवगत कराया गया। बैठक में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि शहर में बूथ सहयोगियों की नियुक्ति की गई हैं। यह सहयोगी बूथ के चुनाव करवाएंगे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कहा है कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा शहर के बूथ-बूथ पर बने, इस के लिए बूथ समितियों का गठन होना चाहिए। इसी के साथ उस बूथ में मतदाता सूची अनुसार पन्ना प्रमुख भी निर्धारित किया जाएगा।

■ 30 नवंबर तक होंगे बूथ के चुनाव





भाजपा में संगठन चुनावों को लेकर शहर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते पदाधिकारी व मौजूद कार्यकर्ता।

### भाजपा एक सशक्त संगठन है

शिवरतन शर्मा ने आगे बताया कि बूथ अध्यक्ष के चुनाव के बाद शक्ति के अंदर संयोजक और उसके बाद मंडल अध्यक्ष का चुनाव और फिर जिला अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया से सभी को अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि भाजपा एक सशक्त संगठन है जिसमे कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।भारतीय जनता पार्टी ही एक ऐसा राजनीतिक संगठन है जहां पूर्ण रूप से पारदर्शिता के साथ संगठन के चुनाव किए जाते हैं। कार्यकर्ताओं को संगठन को और मजबूत बनाने के लिए संगठन पर्व में अपनी पूर्ण सहभागिता निभाने की बात शिवरतन शर्मा ने कही और उन्हें प्रोत्साहित किया। उक्त बैठक में राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, धीरज मिश्रा, मनिंदर सिंह गुम्बर, योगेश अंनत, राजा कामनानी, नीरा साहू सहित भाजपा पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्वच्छता को बनाएं स्वभाव सेवा को बनाएं अपना धर्म



**खरोरा।** शासकीय महाविद्यालय खरोरा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वाल्मीकि साहू ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता हमारा स्वभाव हो और सेवा हमारा धर्म। सभी स्वयं सेवक महाविद्यालय परिसर को अपने घर की तरह स्वच्छ बनाए रखने में योगदान दें। इस अवसर पर समीर, टोकेश, दुर्गा, श्वेता, देवेश्वरी, नरेश, वर्षा, छाया, नीलम, मोरनी, अंजनी, सूर्यकांत, मानवदास, महावीर, प्रियांशु आदि अन्य छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।







